प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

देश में सरोवर समृद्धि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पाली जिले के आकांक्षी ब्लॉक रानी स्टेशन की धारिया ग्राम पंचायत के गवई तालाब के कायाकल्प का काम शुरू किया गया हैं इस परियोजना के जरिये एक हजार जल निकायों का कायाकल्प किया जायेगां नीति आयोग की इस पहल का उद्देश्य स्थानीय जल सुरक्षा और स्थायी जल प्रबंधन सुनिश्चित करना हैं इस पहल के माध्यम से पारंपरिक झीलों, तालाबों और टैंकों को पुनर्जीवित कर भूजल स्तर को बढ़ाने के प्रयास किये जायेंगें परियोजना में सामुदायिक भागीदारी और तकनीकी के साथ विभिन्न कार्य किये जायेंगें इनमें गाद निकालना, प्रदूषण नियंत्रण और पौध रोपण के काम शामिल हैं

00000

जल संसाधन विभाग की ओर से हनुमानगढ जिले की नोहर, हनुमानगढ़ और भादरा डिविजन की 9 नहरों के सुधार और विकास का काम किया जायेगां इस पर लगभग 1 लाख 75 हजार से ज्यादा रूपये खर्च किये जायेंगें इससे जल संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा और किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगीं

00000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज जारी किया जाएगां शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कोटा कलेक्ट्रेट कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शाम 4 बजे ये नतीजे जारी करेंगें बोर्ड सचिव कैलाश चन्द शर्मा ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध होगां 10वीं की परीक्षा के लिए इस साल 10 लाख 96 हजार से ज्यादा बच्चों ने आवेदन किया थां ये परीक्षा 6 मार्च से 4 अप्रेल तक आयोजित की गई थीं

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की हैं श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि आजादी के आंदोलन में वीर सावरकर के अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकतां देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ–प्रदर्शक बना रहेगां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी वीर सावरकर को उनकी जयंती पर नमन किया हैं उन्होंने कहा कि राष्ट्र नायक वीर सावरकर का संघर्षमय जीवन हमेशा राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता रहेगां

0000

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल के आतंकी हमले के 26 पीड़ितों की याद में स्मारक बनाया जायेगां मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कैबिनेट बैठक के बाद कल जम्मू–कश्मीर लोक निर्माण विभाग को स्मारक का काम शुरू करने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि स्मारक न केवल भव्य होगा बल्कि गरिमापूर्ण और सम्मानजनक भी होगां उन्होंने पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने और पर्यटकों के साथ संवाद में पारदर्शिता रखने को भी कहां

0000

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में प्रदेश में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा हैं इसी कडी में आज हनुमानगढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली गईं ये यात्रा भारत माता चौक से शुरू होकर सुभाष चौक पंहुचीं इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भाग लियां

0000

बाड़मेर ज़िले में दो सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 9 लोग घायल हो गएं कल देर रात दुगेरों का तला के पास चार गाड़ियों की टक्कर में 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गएं वहीं एक अन्य हादसा आज सुबह कवास में ओवर ब्रिज पर हुआ, जहां ट्रक और जीप की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई हादसे में 4 लोग घायल हो गएं दोनों हादसों के शिकार लोग गुजरात के रहने वाले थे और रामदेवरा जा रहे थें

0000

प्रदेश में आज पूर्वी हवाओं के प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद कहीं–कहीं तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश होने की संभावना हैं' ये दौर 30 मई तक जारी रहने के आसार हैं मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में अगले दो–तीन दिन मध्यम से तेज बारिश हो सकती हैं वहीं राज्य के दक्षिण–पश्चिमी हिस्सों में कुछ जगहों पर अगले दो–तीन दिन का तापमान से 45 से 46 डिग्री रहने और बाकी स्थानों पर 42 से 44 डिग्री दर्ज होने की संभावना हैं इस दौरान हवा में नमी की मात्रा अधिक होने से उमसभरी गर्मी पड सकती हैं पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 46 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस तापमान बाडमेर में दर्ज हुआं वहीं राज्य के पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बरसात हुईं

0000

भारतीय रेल्वे अगले महीने की 28 तारीख से शुरू होने वाले रोमांचक 'भारत–भूटान मिस्टिक माउंटेन टूर' के लिए भारत गौरव डीलक्स वातानुकूलित पर्यटक रेल चलाएगां रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार कार्यकारी निदेशक, दिलीप कुमार ने बताया कि दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से शुरू होने वाला 14 दिवसीय टूर गुवाहाटी, शिलांग और चेरापूंजी होते हुए पश्चिम बंगाल के हासीमारा रेलवे स्टेशन पहुंचेगा, जहां से पर्यटकों को सड़क मार्ग से फुएंत्सोलिंग ले जाया जाएगा, जहां से वे भूटान में प्रवेश करेंगें

0000